रतलाम स्थित सज्जन कपड़ा मिल

858. **डा० लक्ष्मी नारायण पांडेय :** क्या **वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रतलाम स्थित सज्जन कपड़ा मिल को धागे के एक निर्धारित काउन्ट के उपयोग पर सरकार ने राजसहायता दी है;

(ख) क्या उक्त मिल निर्धारित से अन्य काउन्ट का उपयोग करके बहुत अधिक लाभ कमा रही है ;

(ग) क्या सरकार को भी इस बारे में कोई शिकायत प्राप्त हुई है; और

(घ) यदि हां, तो इस पर क्या कार्यवाही की गई ?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री (श्री मोहन धारिया) :(क) सरकार ने सज्जन टैक्सटाइल मिल, रतलाम द्वारा उपयोग किये जाने के लिए धागे का कोई काउन्ट निर्धारित नहीं किया है और किसी प्रकार की राजसहायता देने का प्रश्न नहीं उठता ।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठते ।

मध्य प्रदेश में डोडा-चूरे से अफीम निकालने का संयंत्र

859. **डा० लक्ष्मी नारायण पाण्डेय :** क्या **वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के मन्दसौर और रतलाम जिले में प्रमुख अफीम उत्पादक मिले हैं ;

(ख) क्या इन जिलों से भारी मात्रा में डोडाचूरे का निर्यात किया जाता था और वहां उससे अफीम निकाली जाती है ;

(ग) क्या मन्दसौर या रतलाम में अफीम निकालने के संयंत्र की स्थापना करने के लिए स्थल का चुनाव करने की दृष्टि से कोई सर्वेक्षण किया गया था; और

(घ) यदि हां, तो इस बारे में क्या कार्यवाही की गई है ?

वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) :(क) हां ।

(ख) जी, हां । इन जिलों से तथा पोस्त उगाने वाले अन्य क्षेत्रों से पोस्त की भूसी का क्षारोद (ऐल्केलाइड) निकालने के लिए बड़ी मात्रा में निर्यात किया जाता है ।

(ग) जी, हां । पोस्त की भूसी से क्षारोद निकालने के निमित्त एक संयंत्र लगाने के लिए उपयुक्त स्थान का चुनाव करने के लिए मैसर्स इंजीनियर्स इण्डिया लिमिटेड ने (मन्दसौर और रतलाम सहित) मध्य प्रदेश और राजस्थान के पोस्त उगाने वाले क्षेत्रों का 1976 में सर्वेक्षण किया ।

(घ) मामला सरकार के विचाराधीन है ।

अफीम की खेती

860. **डा० लक्ष्मी नारायण पांडेय :** क्या **वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस वर्ष ओले गिरने तथा असामायिक वर्षा के कारण अफीम की खेती को भारी नुकसान हुआ है ।